# कार्यालय ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच

नवीन जिला न्यायालय परिसर, नीमच (म.प्र.) 458 441

Email- secdlsanmh@mp.gov.in, secdlsaneemuch@gmail.com दुरभाष नम्बर : 07423–299234

क्र.फा.न. 69 / स्था. / जिविसेप्रा / 190 / 2026 नीमच, दिनांक 23 / 04 / 2026

/ / विज्ञापन / /

**संविदा आधारित वाहन चालक पद हेतु विज्ञप्ति**

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के अनुदान अंतर्गत जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच में बहुउपयोगी वाहन हेतु संविदा आधार पर वाहन चालक (Driver) के 01 पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन आहुत किये जा रहे हैं।

1. **पदनाम, पदसंख्या, मानदेय, न्यूनतम योग्यता –**

1– आवेदन जारी करने की तिथि – दिनांक 23 / 04 / 2026 से

2– आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि – 08 / 05 / 2026

3– पद का नाम – ड्राईवर ( वाहन चालक ) संविदा आधार पर

4– शैक्षणिक अर्हता – न्यूनतम 10 वीं उत्तीर्ण

अन्य अर्हताऐं –

5– भारत का नागंरिक हो।

6– आवेदक, आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका हो।

7– वैध ड्राईविंग लायसेंस हो।

8– समस्त प्रकार के वाहन चलाने का अनुभव हो।

9– वेतनमान – नीमच शहर "श्रेणी–बी हेतु 02 लाख से अधिक जनसख्या वाले शहर के लिए मानदेय रू. 13000 / – प्रतिमाह होगा।

नोट :– योग्य वाहन मैकेनिक को वरीयता दी जावेगी।

2. **नियुक्ति की शर्ते –**

1– यह संविदा नियुक्ति अनुबंध प्रारम्भ में 02 वर्ष की अवधि के लिये होगा, जिसे संतोषजनक प्रदर्शन, अच्छे आचरण और निरंतरता की आवश्यकता के आधार पर तत्पश्चात् एक वर्ष के लिये बढ़ाया जा सकेगा। संविदा अवधि के पश्चात् नियमित या निंरतर सेवा का कोई अधिकार प्राप्त नहीं होगा।

2– संविदा चालक की सेवाये संतोषजनक न पाये जाने या अन्य प्रशासनिक स्थिति में सक्षम अधिकारी द्वारा किसी भी समय बिना कारण बताये एक माह का नोटिस देकर समाप्त की जा सकेगी। संविदा वाहन चालक भी एक माह पूर्व नोटिस देकर या एक माह के वेतन के बराबर राशि जमा किया जाकर त्याग पत्र दे सकेगा।

3– संविदा चालक के कार्यों की समीक्षा समय–समय पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की जावेगी और संतोषजनक प्रदर्शन न किये जाने तथा अनुशासन के अनुरूप न पाये जाने पर अनुबंध की निरंतरता या विस्तार किये जाने के संबंध में विचार किया जा सकेगा।

4– संविदा चालक की नियुक्ति की सम्पूर्ण कार्यवाही प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश / अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार की जावेगी।

5– संविदा चालक को एक कैलेण्डर वर्ष में 13 दिवस आकस्मिक अवकाश की पात्रता होगी।

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच

नवीन जिला न्यायालय परिसर, नीमच (म.प्र.) 458 441
Email- secdlsanmh@mp.gov.in, secdlsaneemuch@gmail.com दुरभाष नम्बर : 07423–299234

3. **चयन का मापदण्ड –**
वाहन चालक की भर्ती निष्पक्ष, पारदर्शी और योग्यता आधारित चयन प्रक्रिया के माध्यम से कि जावेगी समस्त अभ्यर्थियों/आवेदकों का माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय, नीमच द्वारा गठित समिति के द्वारा साक्षात्कार लिया जाएगा। साक्षात्कार में उपयुक्त पाये गये अभ्यर्थियों की ही व्यवहारिक ड्राईविंग परीक्षा ली जायेगी ।

4. **आवेदन का प्रारूप प्राप्त करने की प्रक्रिया :–**
उक्त विज्ञप्ति एवं आवेदन का प्रारूप नवीन जिला न्यायालय परिसर, द्वितीय तल सर्विस बिल्डिंग के कक्ष क्रमांक–8 के नोटिसबोर्ड एवं कार्यालय से भी प्राप्त किये जा सकते है।

5. **आवेदन भरने की प्रक्रिया –**
सभी अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि अपने आवेदन पत्र भरते समय पूर्ण सावधानी के साथ सभी प्रविष्टियों का अंकन करें, ताकि संशोधन की आवश्यकता उत्पन्न ना हो। एक बार आवेदन कार्यालय में जमा कर दिये जाने के पश्चात् किसी भी संशोधन की कोई अनुमति नहीं दी जायेगी।

6. **आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि –**
इच्छुक अभ्यर्थी विहित आवेदन को उचित ढंग से भरकर नवीन जिला न्यायालय परिसर, द्वितीय तल, सर्विस बिल्डिंग के कक्ष क्रमांक 08, नीमच (म.प्र) में व्यक्तिगत रूप से अथवा पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 08.05.2026 दिन सोमवार को समय सायं 05:00 बजे तक जमा किया जाना सुनिश्चित करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चता् प्राप्त हुऐ आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

7. **आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले दस्तावेज –**
आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतिलिपियां संलग्न करें :–
1– वैध ड्राईविंग लाईसेंस ।
2– वाहन संचालन का अनुभव प्रमाणपत्र ।
3– पहचान पत्र (आधार कार्ड) ।
4– शैक्षणिक योग्यता संबंधी प्रमाणपत्र ।
5– वाहन मैकेनिक योग्यता संबंधी प्रमाण पत्र यदि हो

8. **आवेदनों की जांच एवं चयन प्रक्रिया –**
अभ्यर्थियों से प्राप्त आवेदन पत्रों एवं दस्तावेजों की विहित नियमों के अनुसार जांच की जायेगी। जांच में यदि यह पाया जाता है कि आवेदन अपूर्ण है या उसमें दी गई जानकारी असत्य है तो जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच को उक्त आवेदनों को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। आवेदनों की जांच के उपरांत परीक्षा/साक्षात्कार के लिए पात्र एवं अपात्र अभ्यर्थियों की सूची दिनांक 09.05.2026 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवीन जिला न्यायालय परिसर, नीमच (म.प्र.) तथा जिला न्यायालय, नीमच के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी। इसके पश्चात् पात्र अभ्यर्थियों के साक्षात्कार दिनांक 13.05.2026 को प्रातः 09:30 बजे से नवीन जिला न्यायालय परिसर, के द्वितीय तल पर स्थित विशेष न्यायाधीश महोदय के विश्राम कक्ष में आयोजित किये जायेगें। साक्षात्कार में उपयुक्त पाये गये अभ्यार्थियों की व्यवहारिक ड्राईविंग परीक्षा भी दिनांक 13.05.2026 को ही आयोजित की जायेगी। अभ्यर्थियों का साक्षात्कार व ड्राईविंग परीक्षा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच

नवीन जिला न्यायालय परिसर, नीमच (म.प्र.) 458 441

Email- secdlsanmh@mp.gov.in, secdlsaneemuch@gmail.com दुरभाष नम्बर : 07423–299234

प्राधिकरण, नीमच द्वारा गठित चयन समिति के समक्ष होगी। चयन समिति द्वारा चयनित सूची तथा प्रतीक्षा सूची अनुमोदन हेतु माननीय म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर को प्रेषित की जायेगी। अनुमोदन उपरांत चयनित अभ्यार्थी को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच द्वारा पृथक से सूचित किया जायेगा तथा चयन एवं प्रतीक्षा सूची जिला न्यायालय नीमच तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी।

**नोट** – संविदा वाहन चालक पद पर नियुक्त व्यक्ति पूर्ण सर्तकर्ता एवं सद्‌भाविकता से अपने कार्य का निष्पादन करेंगे जो जिला विधिक सेवा प्राधिकण, नीमच के निगरानी में रहेंगे।

**संलग्न** – 1 विहित आवेदन प्रारूप।

(माननीय अध्यक्ष महोदय के आदेशानुसार)

23/04/2026

(शोभना मीणा)
न्यायाधीश / सचिव
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच

# कार्यालय ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच

नवीन जिला न्यायालय परिसर, नीमच (म.प्र.) 458 441
Email- secdlsanmh@mp.gov.in, secdlsaneemuch@gmail.com दुरभाष नम्बर : 07423–299234

## संविदा आधार पर वाहन चालक हेतु आवेदन पत्र

आवेदन क्रमांक......./2026 नीमच, दिनांक ......................... (कार्यालयीन उपयोग हेतु

| | | |
|---|---|---|
| 01. | अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में)<br><br>(अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में) | यहा पर फोटो चिपकाए एवं उस पर अपने हस्ताक्षर करें |
| 02 | पिता/पति/ का नाम | |
| 03 | जन्मतिथि<br>(प्रमाण पत्र की स्वः सत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 04 | 01.01.2026 को आयु वर्ष.................माह.........<br>दिवस.................. | |
| 05 | लिंग (स्त्री/पुरूष/अन्य) | |

| 6 | ड्राईविंग लाईसेंस का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ड्राईविंग लाइसेंस की संख्या | जारी करने वाला प्राधिकरी | जारी करने की तिथि | वैधता तिथि | लाईसेंस का प्रकार | टिप्पणी |
| | | | | | |

| 7 | अनभुव यदि कोई हो तो (कृपया समर्थन में दस्तावेज संलग्न करें) | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| संस्थान/संगठन का नाम | पद | अवधि | | कार्य का विवरण | टिप्पणी |
| | | से | तक | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

| | | |
|---|---|---|
| 8 | शैक्षणिक योग्यता<br>(10 वीं की स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 9 | रोजगार कार्यालय का पंजीयन क्रमांक<br>(यदि हो तो पंजीयन की स्वसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच

नवीन जिला न्यायालय परिसर, नीमच (म.प्र.) 458 441
Email- secdlsanmh@mp.gov.in, secdlsaneemuch@gmail.com दुरभाष नम्बर : 07423–299234

| | | |
|---|---|---|
| 10 | स्थायी निवास का पता (सक्षम अधिकारी द्वारा जारी मूल निवास प्रमाण–पत्र की स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें।) | |
| 11 | आधार संख्या (स्वःसत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 12 | पेनकार्ड संख्या (स्वः सत्यापित प्रति संलग्न करें) | |
| 13 | ईमेल आई.डी. | |
| 14 | मोबाईल नम्बर (अनिवार्य) व्हाट्सएप पर उपयोग में लिये जाने वाले नंबर सहित | |
| 15 | यदि आवेदक के विरूद्ध न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण लंबित है, तो उसका विवरण | |
| 16 | वाहन मैकेनिक योग्यता (समर्थन में कोई दस्तावेज हो तो संलग्न करें) | |

## स्वघोषणा

मैं प्रमाणित करता / करती हूँ कि, इस आवेदन में मेरे द्वारा दिया गया विवरण मेरी जानकारी एवं विश्वास के अनुसार सही है। यह भी प्रमाणित किया जाता है कि न तो मेरे विरूद्ध कोई आपराधिक वाद लंबित है (आपराधिक वाद लंबित होने की दशा में उसके संबंध में आवेदन–पत्र में दी गई जानकारी के अतिरिक्त) और न ही मुझे किसी न्यायालय द्वारा दंडित किया गया है और न ही किसी नैतिक दुराचार से संबंधित किसी वाद में संलिप्त या संबंधित हूँ। मैं अवगत हूँ कि मेरे द्वारा उपयुक्त किसी भी सूचना के गलत पाये जाने पर मेरी अभ्यर्थिता चयन के किसी भी स्तर पर निरस्त की

# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नीमच

नवीन जिला न्यायालय परिसर, नीमच (म.प्र.) 458 441

Email- secdlsanmh@mp.gov.in, secdlsaneemuch@gmail.com दुरभाष नम्बर : 07423–299234


जा सकती है और मेरे द्वारा साक्षात्कार के समय अपने दस्तावेजों की मूल प्रति लेकर उपस्थित नहीं होने की दशा में मुझे साक्षात्कार में उपस्थित होने से प्रतिबंधित किया जा सकता है। मैं यह भी जानता/जानती हूँ कि गलत या असत्य सूचना के आधार पर इन नियमों के अंतर्गत मेरी नियुक्ति होती है तो मेरी नियुक्ति समाप्त/रद्द कर दी जाएगी और मेरे विरूद्ध आपराधिक/दाण्डिक कानूनों के तहत अभियोजन की प्रकिया प्रारंभ की जा सकती है।

स्थान.........................

हस्ताक्षर

नाम

दिनांक.......................

मो. नम्बर

संलग्न का विवरण.............................

ईमेल आई.डी.